तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 स्थापना दिवस पर झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का आयोजन



## खबर संक्षेप

### सुवेज बने अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कोरिया में संगठनात्मक नियुक्ति की गई। जानकारी के अनुसार कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठनात्मक नियुक्त के तहत बैकुंठपुर निवासी सुवेज अहमद नेपालू को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने का आदेश जारी किया। सुवेज अहमद को जिला स्तर पर उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शुभचिंतकों में खुशी है। वहीं जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर श्री नेपालू ने कहा कि पार्टी ने मुझे अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पार्टी के उच्च नेतृत्व के मार्गदर्शन में पार्टी को मजबूत करने की दिशा के साथ-साथ जो भी दायित्व सौंपा जाएगा, उसका मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा।

### दूरबीन से बच्चेदानी का ऑपरेशन कोरिया में पहली बार सफल सर्जरी



**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय के महलपारा स्थित शर्मा हॉस्पिटल में पहली बार दूरबीन (लैप्रोस्कोपी) से बच्चेदानी का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. संकल्प शर्मा एवं डॉ. राकेश शर्मा उनकी टीम द्वारा किया गया। इस सुविधा के शुरू होने से अब मरीजों को ऐसे ऑपरेशन के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सर्जरी ओड़गी निवासी श्रीमती रामलली उम्र 50 वर्ष पर की गई, जो अब स्वस्थ हैं और तेजी से रिकवरी कर रही हैं। दूरबीन से होने वाले इस ऑपरेशन में पेट पर छोटे-छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे कम दर्द, कम खून बहना और जल्दी ठीक होने का फायदा मिलता है। डॉक्टरों ने बताया कि उनका लक्ष्य जिले के लोगों को आधुनिक और किफायती इलाज उपलब्ध कराना है।यह उपलब्धि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

### कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को कराया गया योग



**बैकुण्ठपुर।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र कटगोड़ी में मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को योगाभ्यास कराया गया। यह पहल कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। आयुष जिलाधिकारी डॉ. एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं नन्हें बच्चों में योग के प्रति रुचि जागृत करना तथा स्वस्थ तन, स्वस्थ मन की अवधारणा को साकार करना है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास हर वर्ग और हर आयु के लोगों के लिए लाभकारी है, लेकिन इसे शुरू करने से पहले विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में करना आवश्यक है। वर्तमान समय में भाग-दौड़ भरी जीवनशैली, तनाव और अनियमित खानपान के कारण लोग शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में योग एक प्रभावी समाधान के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया गया।

### बिहाव मंगाई में शामिल होने गया युवक खून से लथपथ लौटा

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम करतमा सेमर तालाबपारा में शादी के एक पारंपरिक बिहाव मंगाई कार्यक्रम में शामिल होने गया एक युवक देर रात खून से लथपथ हालत में घर पहुंचाया गया जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

तापमान में गिरावट, सेहत पर पड़ सकता है असर

# मौसम का बदला मिजाज, आंधी के साथ बूंदाबांदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से मौसम का सिस्टम बिगड़ने के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन में धूप छॉव की स्थिति बनते रहते हैं, इसके चलते अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

जिले में बुधवार को भी मौसम ने अचानक करवट ली। इस दिन सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और पूर्वान्ह एवं अपरान्ह के समय कही बूंदाबांदी तो कही हल्की बारिश हुई। बुधवार को सुबह होने के साथ ही आसमान को बादलों ने पूरी तरह से ढंक लिया था, इसके चलते सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। कुछ घंटों तक इसी तरह की स्थिति बनी रही, इससे मौसम में ठंडक घुल गई थी और सुबह के समय लोगों को हल्की ठंड के असर का सामना करना पड़ा। इस दौरान जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन कही पर भी पूर्वान्ह के समय तेज व हल्की बारिश नहीं हुई। बादलों के बीच बूंदाबांदी के कारण दोपहर के समय में भी हल्की ठंड का असर पठारी क्षेत्रों में रहा। जानकारी के अनुसार बादलों भरा मौसम रहने के कारण इस दिन तापमान 32 डिग्री तक लुढ़क गया था धूप नहीं खिलने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली थी।

### तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और बारिश होने की संभावना बनती रही। इसी बीच इस दिन अपरान्ह होने के बाद जिले के कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ कही बूंदाबांदी ता कही पर हल्की बारिश भी हुई। 8 अप्रैल को अपरान्ह सोनहत में तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश शुरू हो गई , इसके चलते साप्ताहिक बाजार दिवस होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मौसम बदला, तेज हवा-तूफान से साप्ताहिक बाजार प्रभावित

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 8 अप्रैल को सुबह से ही मौसम में बदलाव देखा गया। दिनभर रूक-रूक कर बारिश होती रही, जिससे जगह-जगह पानी भर गया। दोपहर बाद कुछ समय के लिए हल्की धूप निकली, लेकिन शाम करीब 5 बजे अचानक तेज हवा और तूफान के साथ हल्की घूमावदार बारिश शुरू हो गई। इस मौसम परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर मुख्यालय के साप्ताहिक बाजार पर पड़ा। तेज हवा के कारण दुकानों का सामान इधर-उधर बिखर गया और व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि तूफान ज्यादा देर तक नहीं चला, फिर भी इसका असर बाजार के साथ-साथ आसपास के खेत-खलिहानों में भी देखा गया।



सोनहत पुलिस ने की कार्रवाई

# 17 भैंसे बरामद : अवैध पशु परिवहन का खुलासा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सोनहत थाना पुलिस ने अवैध पशु परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 भैंसों को बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ग्राम उज्ञांव चौकी रामगढ़ में दबिश दी। मौके पर आरोपी बहादुर सिंह उम्र 56 वर्ष के कब्जे से 17 भैंसे बरामद किए गए, जिन्हें अमानवीय तरीके से बांधकर अवैध रूप से बुचड़खाने ले जाने की तैयारी की जा रही थी। पूछताछ में सामने आया कि भैंसों को पीपी सिंह और मकसूद झारखंड द्वारा ट्रक से लाकर छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने सभी भैंसों की कीमत लगभग 4 लाख रूपए को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर छग कृषि पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1) (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। मामले में अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजाराम राठिया सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु तस्करी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पाचवीं और आठवीं कक्षा की परीक्षाओं का मूल्यांकन शुरु

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीयकृत 5 वीं एवं 8 वीं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखंड बदलकर उक्त कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

जिले के सोनहत विकासखंड़ अंतर्गत कक्षा पांचवी तथा आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बैकुंठपुर में तथा बैकुंठपुर विकासखंड के उक्त कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सोनहत जनपद में किया जा रहा है, इसके लिए दोनों विकासखंडों में काफी संख्या में मूल्यांकन कार्य समय पर पूरा करने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि समय-सीमा में मूल्यांकन कार्य पूरा किया जा सके। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीयकृत 5 वीं की परीक्षा 25 मार्च को ही समाप्त हो चुका था और केन्द्रीयकृत 8 वीं की परीक्षा बीते 6 अप्रैल को समाप्त हुआ। इसके साथ ही उक्त दोनों कक्षाओं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### मूल्यांकन कार्य का मानदेय अटका

जिले में 5 वीं एवं 8 वीं के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य का मानदेय अब तक नहीं मिला है और इस वर्ष भी मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को मानदेय मिलने की उम्मीद नहीं है। जानकारी के अनुसार बीते वर्ष ही डीपीआई ने आदेश जारी कर शिक्षकों को मानदेय देने पत्र जारी किया था, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया, इसके चलते बीते वर्ष मूल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों को अब तक मानदेय नहीं मिल पाया।

### छग में विपश्यना ध्यान शिविर के लिए विशेष अवकाश स्वीकृत

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव कम करने तथा नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विपश्यना ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के साथ-साथ राज्य सेवा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी अपने संपूर्ण सेवाकाल में अधिकतम 6 बार 10 दिवसीय आवासीय विपश्यना ध्यान शिविर में भाग ले सकेंगे। इसके लिए उन्हें यात्रा समय सहित अधिकतम 12 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आदेश में यह भी उल्लेखित है कि इच्छुक अधिकारी या कर्मचारी को आवेदन के साथ संबंधित विपश्यना केन्द्र द्वारा जारी पंजीकरण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। शिविर पूर्ण होने के बाद प्रतिभागी को भागीदारी प्रमाण-पत्र अपने कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा अवकाश अवधि को अन्य अर्जित अवकाश में समायोजित किया जाएगा। यह अवकाश संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा शासकीय कार्य की सुगमता को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत किया जाएगा। विशेष अवकाश अवधि को कर्तव्य अवधि माना जाएगा तथा इस दौरान पूर्ण वेतन देय होगा। हालांकि शिविर में भाग लेने के लिए यात्रा भत्ता या अन्य किसी प्रकार का व्यय शासन द्वारा वहन नहीं किया जाएगा।

# उर्वरक कालाबाजारी पर कड़ा प्रहार उड़नदस्ता की ताबड़तोड़ कार्रवाई



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में किसानों को समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त रूख अपनाया गया है।

कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके उर्वरक विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई। उड़नदस्ता दल को निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में गंभीर लापरवाही एवं नियमों की अनदेखी मिली। इनमें प्रमुख हैं— स्टॉक बोर्ड एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं करना, स्कंध पुस्तिका का संधारण नहीं करना, बिना वैध प्राधिकार पत्र के उर्वरक विक्रय, पीओएस मशीन से रसीद जारी नहीं करना एवं स्टॉक में अंतर है। नियम उल्लंघन पर संबंधित प्रतिष्ठानों के उर्वरक स्टॉक का 21 दिनों के लिए विक्रय प्रतिबंधित, 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# छात्राओं ने किया गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के प्राणीशास्त्र (जूलॉजी) विभाग द्वारा 28 मार्च को एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 54 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण एवं सोशल आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क का भ्रमण कराया गया।

यह पार्क एशिया के सबसे बड़े मरीन फॉसिल पार्कों में से एक माना जाता है। यह भ्रमण प्राणीशास्त्र विभाग की अतिथि व्याख्याता सुश्री मेघा डाहिरे एवं श्रीमती सविता पैकरा के मार्गदर्शन में तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक वरूण कुशवाहा के सहयोग से संपन्न हुआ। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को समुद्री जीवाश्मों मरीन फॉसिल की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना तथा उनके शोध प्रबंध डिजर्टेशन प्रोजेक्ट के लिए व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना था। हसदेव नदी के तट पर स्थित इस पार्क में छात्राओं को बताया गया कि यहां पाए जाने वाले जीवाश्म लगभग 28 से 29 करोड़ वर्ष पुराने हैं, जो पर्मियन युग से संबंधित हैं। इन जीवाश्मों की पहली खोज वर्ष 1954 में भूविज्ञानी एसके घोष द्वारा की गई थी। भ्रमण के दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार के समुद्री जीवाश्मों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से बाइवाल्व्स, गैस्ट्रोपोड्स प्राचीन घोंघे, ब्रैकियोपोड्स, क्रिनोइड्स तथा ब्रायोजोआ शामिल हैं, इसके अलावा पार्क के रॉक गार्डन में छात्राओं ने 35 से अधिक प्राचीन थल, जल एवं उभयचर जीवों की विशालकाय कलाकृतियों का अवलोकन किया, जो प्रागैतिहासिक जैव-विविधता को दर्शाती हैं। इस दौरान छात्राओं ने जीवाश्मों की संरचना, निर्माण प्रक्रिया एवं उनके ऐतिहासिक महत्व को समझा। साथ ही उन्हें जैव-विविधता, भू-वैज्ञानिक इतिहास तथा जीवाश्म संरक्षण के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई: स्कूल में शराब पीने वाले प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक को किया निलंबित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षा विभाग में अनुशासनहीनता के एक गंभीर मामले पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्राथमिक शाला बाला, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ तहसील केल्हारी में पदस्थ प्रधान पाठक पारस राम वर्मा एवं सहायक शिक्षक मेहीलाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों शिक्षक ड्यूटी के समय शराब के नशे में पाए गए। इस संबंध में मौके पर पंचनामा तैयार कर दोनों के बयान दर्ज किए गए, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों शिक्षकों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच में भी शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत किया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 23 के उल्लंघन का दोषी पाते हुए दोनों शिक्षकों के विरूद्ध छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया गया। निलंबन अवधि के दौरान दोनों कर्मचारियों का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कार्यालय निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय सेवा के दौरान इस प्रकार की लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

लंबित निर्माण कार्यों पर जताई नाराजगी, सीईओ ने ली बैठक

# जनमन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने की। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की तकनीकी टीम, कार्यक्रम अधिकारी तथा आवास एवं मनरेगा योजनाओं की निगरानी करने वाले जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सीईओ ने जनमन आवास योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लंबित आवास निर्माण कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराते हुए उन्हें शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हितग्राहियों को समय पर किश्त राशि मिलना अत्यंत आवश्यक है, जिससे निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। स्वीकृति एवं किश्त आवंटन के बीच हो रहे विलंब पर गंभीरता जताते हुए नियमित निगरानी और समय पर जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीईओ डॉ. आशुतोष ने कहा कि योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप प्रगति के लिए निरंतर निगरानी, फील्ड भ्रमण और हितग्राहियों से सतत संपर्क बेहद जरूरी है।

उन्होंने पंचायत स्तर पर कार्यरत आवास मित्र, सचिव और रोजगार सहायकों को तकनीकी सहायकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन हितग्राहियों से संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में प्रथम किश्त, द्वितीय किश्त एवं पूर्ण आवासों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### समस्याओं को लेकर प्रबंध निदेशक से मिले विद्युत कर्मचारी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया तथा कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, आरएम गिरी, आरपी पटेल, सचिन देव टोप्पो, विनोद कुशवाहा, सुबोध तिर्की, अजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

### लेखापाल एस के पंकज ने की संयुक्त संवेदना योजना की सराहना

**ओड़गी।** जिले में संचालित संयुक्त संवेदना योजना से प्रभावित हो विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ लेखापाल एस के पंकज ने संयुक्त संवेदना समिति को पांच - पांच सौ रुपये की आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने दिवंगत शिक्षक परिवार को सहयोग करने के लिए किए जा रहे कार्य के लिए समिति की सराहना की। विकास खण्ड ओड़गी के संचालक मो.महमूद व प्रमोद पाठक ने बताया कि समिति के जिला संचालक व प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने शिक्षकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए वर्ष 2020-21 में योजना की नींव रखी थी। प्रारंभ में सीमित शिक्षक ही जुड़े थे लेकिन पारदर्शिता व सहयोग की भावना से प्रेरित हो धीरे धीरे कारवां बढ़ता गया। आज लगभग तीन हजार शिक्षक इस योजना में सहभागिता निभा रहे हैं। योजनांतर्गत पांच सौ रुपये की वार्षिक सदस्यता राशि जमा कर कोई भी शिक्षक सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सदस्यता की अवधि अप्रैल से मार्च तक होती है। हर वर्ष प्रत्येक सदस्यों को सदस्यता राशि जमा करनी होती है, निर्धारित समयावधि में सदस्यता राशि जमा नहीं करने पर सदस्यता शून्य हो जाती है। सदस्यता ग्रहण किए किसी भी शिक्षक सदस्य के दिवंगत होने पर उनके परिवार को समिति की ओर से एक लाख रुपये की सहायता स्वरूप संवेदना राशि प्रदान की जाती है। अभी तक समिति की ओर से 28 दिवंगत शिक्षक के परिवार को 28 लाख की संवेदना राशि प्रदान की जा चुकी है।

### चिकित्सक के सूने आवास में चोरों की दबिश, 40 हजार नगदी लेकर हुए फरार

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में चोरी की एक नई घटना सामने आई है,केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ शुभांगी वर्मा के सूने आवास का ताला तोड़कर भीतर घुसे अज्ञात चोरों ने सामान खंगाल कर करीब 40 हजार रुपये नगद पार कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार घटना 6 अप्रैल की मध्यरात्रि की बताई गई है,डॉ शुभांगी वर्मा टूए कॉलोनी स्थित अपने आवास क्वार्टर नंबर टूए 39 में अकेली रहती हैं,उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल की शाम 7 बजे से 7 अप्रैल की सुबह 7 बजे तक उनकी अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी थी,ड्यूटी पर जाने से पहले उन्होंने अपने आवास को लॉक कर दिया था। सुबह ड्यूटी से लौटने पर उन्होंने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है,इसके बाद उन्होंने तत्काल पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी और बिश्रामपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। अज्ञात चोरों ने घर के भीतर रखे पर्स और सूटकेस के भीतर रखे करीब 40 हजार रुपये नगदी राशी लेकर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### एक्सीडेंट के बाद शारीरिक रूप से दिव्यांग हुए युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** एक्सीडेंट के बाद कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं करने से परेशान युवक ने परिजन को बिना बताए ही शहर आ गया और बनारस रोड स्थित एक होटल के पीछे कीटनाशक पी लिया। युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम तुलसी खालपारा निवासी प्रेमचंद राजवाड़े आ. परमेश्वर राजवाड़े (24 वर्ष) का 2022 में कार से एक्सीडेंट हो गया था। दुर्घटना के बाद युवक के कमर के नीचे का काम करने से दिव्यांग हो गया। किसी प्रकार के काम नहीं कर पाने से युवक मानसिक रूप से परेशान हो गया। 28 मार्च को जब परिजन काम पर गए थे तभी युवक ने पड़ोसी बच्चों को बुलाकर अपने ट्राई साइकिल में बैठा और अंबिकापुर आ गया। परिजन युवक के घर पर नहीं होने से कई बार फोन किया लेकिन युवक कोई जवाब नहीं दिया। इसी बीच युवक ने बनारस रोड स्थित एक होटल के पीछे कीटनाशक पी लिया। युवक को गंभीर हालत में आसपास के लोगों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया तथा युवक के मोबाइल से परिजन को घटना की जानकारी दी। बीती रात युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन केसुपुर्द किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** महिला की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत का मामला सामने आया है। महिला के पति ने उसके बेहोश होकर गिरने की बात कही है जबकि एमएलसी में मारपीट के निशान मिले है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है दरिमा सलका गौटिया पारा निवासी 48 वर्षीय हिन्दू कंवर केंवट आ. नंदू प्रसाद केंवट पति के साथ ईंट भट्ठा में काम करती थी। महिला के पति का कहना है कि काम करके पैदल घर लौटते समय महिला अचानक ही बेहोश होकर गिर गई।

एकमात्र स्वास्थ्य कर्मी की ड्यूटी टीकाकरण में

# उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में एक पखवाड़े से लटक रहा ताला, बैरंग लौट रहे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर


बंद उप स्वास्थ्य केन्द्र।

**खास बातें**

- वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में नहीं हो रहा उपचार
- विभाग कर रहा कर्मचारियों की भर्ती होने का इंतजार

विकासखंड ओड़गी अंतर्गत चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम महुली स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले एक पखवाड़े से ताला लटका है। क्षेत्रवासी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का हवाला देकर वरिष्ठ अधिकारियों से कर्मचारियों की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं लेकिन अधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का हवाला देकर मामले को टाल रहे है।

शासन-प्रशासन स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर संचालन का दावा कर रहा है दूसरी तरफ दूरस्थ क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य अमले की कमी होने के कारण जैसे-तैसे संचालित हो रहे हैं कहीं स्वास्थ्य सुविधाओं एवं संसाधनों की कमी बड़ी समस्या बनी हुई है तो कहीं कर्मचारियों की कमी होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटक रहा है। वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत कोल्हुआ में व्यापक स्तर पर मलेरिया का प्रकोप होने एवं गंभीर रूप से बीमार 21 लोगों की मौत होने पर विभाग द्वारा आनन-फानन में ग्राम पंचायत महुली में उप स्वास्थ्य केंद्र खोला गया था। तब स्वास्थ्य अधिकारियों ने आवश्यकता को देखते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत करने का भी आश्वासन दिया था। स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत करने की बात तो दूर विभाग दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र के अस्पताल में स्वास्थ्य कार्यकर्ता तक को पदस्थ नहीं कर पा रहा है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ आरएचओ शैलेन्द्र अग्रहरि की 19 फरवरी को मौत होने के बाद से ही अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। विभाग द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एकमात्र महिला कार्यकर्ता को टीकाकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो विभिन्न गांवों में भ्रमण कर टीकाकरण कर रही है। राज्य स्तर पर संलग्नीकरण समाप्त करने के उपरांत एक अन्य कार्यकर्ता द्वारा अपने मूल पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से बंद हो गया है। एक पखवाड़े का समय गुजरने के बावजूद विभाग स्वास्थ्य केंद्र संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर सका है। स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों की कमी दूर करने के लिए नई नियुक्ति होने का इंतजार कर रहें हैं।

**सभी जगह कर्मचारियों की कमी**

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने शासन द्वारा बिहारपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 8 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। सभी स्वास्थ्य केंद्र लम्बे समय से स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवाडीह, बिहारपुर, ठाड़पाथर, पासल, खैरा, मोहरसोप, उमझर एवं महुली में शासन द्वारा लम्बे समय से उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। इनमें से बिहारपुर, ठाड़पाथर, उमझर, खैरा एवं महुली में एक-एक स्वास्थ्य कर्मियों को पदस्थ किया गया है जबकि शेष तीन में 2-2 कर्मचारी पदस्थ किए गए है। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में एक मात्र कर्मचारी है वहां मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एकमात्र कर्मचारी को क्षेत्र के गांवों में टीकाकरण करने के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र को भी चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोई भी कर्मचारी एक साथ दो स्थानों पर काम नहीं कर सकता न ही टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ही छोड़ सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र का नियमित संचालन नहीं हो रहा है।

**नहीं आना चाहते कर्मचारी**

अधिकारियों का कहना है कि दूरस्थ पहाड़ी इलाका होने एवं बिजली-पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की कमी होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी शहरी क्षेत्र को छोड़कर नहीं जाना चाहते। विभाग ने अब संलग्नीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। पूर्व में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा कई स्वास्थ्य कर्मियों को पदस्थ किया गया लेकिन कर्मचारी ज्वाइनिंग देने भी नहीं पहुंचे। स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए निकट भविष्य में उप स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त कर्मचारी पदस्थापना होने की संभावना नहीं है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य केंद्र का ताला खुलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

**जल्द की जाएगी पदस्थापना**

स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों की कमी है विकासखण्ड ओड़गी के स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पद की तुलना में 40 फीसदी कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। राज्य स्तर पर कर्मचारियों की नियुक्ति होते ही उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में कर्मचारी की पदस्थापना की जाएगी।

-डॉ.केडी पैकरा, सीएमएचओ, सूरजपुर

## निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारी खुद उसी मार्ग से नहीं लौटे वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



रामानुजगंज—राजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य की जमीनी हकीकत उस समय सामने आ गई, जब स्वयं विभागीय अधिकारी उसी सड़क से वापस नहीं लौट पाए, जिसका निर्माण उनकी निगरानी में किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के तहत राजपुर से रामानुजगंज के बीच करोड़ों रुपये की लागत से टू-लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण का निरीक्षण करने के लिए अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, ठेकेदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया गया, लेकिन निर्माण कार्य में लापरवाही की झलक एक बार फिर सामने आई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में लगातार अनियमितताएं बरती जा रही हैं। कई स्थानों पर सड़क इतनी खराब स्थिति में है कि उस पर सामान्य मोटर वाहन का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। जबकि नियमों के अनुसार निर्माणाधीन सड़क को भी इस स्थिति में रखा जाना चाहिए कि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। हैरानी की बात यह है कि निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारी खुद उसी मार्ग से वापस नहीं जा सके। उन्हें वैकल्पिक रास्ते से होते हुए वाड्रफनगर होकर लौटना पड़ा। यह स्थिति अपने आप में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। यदि अधिकारी उसी मार्ग से वापस लौटते तो शायद उन्हें लोगों की वास्तविक समस्याओं और परेशानियों का अधिक बेहतर अंदाजा होता।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे रोजाना इसी खराब सड़क से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इस पूरे मामले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिस सड़क का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग के मानकों के अनुसार होना चाहिए, उसकी स्थिति इतनी खराब है कि अधिकारी स्वयं उस पर चलने से बच रहे हैं। ऐसे में अब लापरवाही पर क्या होता है यह तो समय पर निर्भर है।

### एलाइंस एयर ने कोलकाता फ्लाइट के शेड्यूल में किया बदलाव

**अम्बिकापुर।** एलाइंस एयर ने अम्बिकापुर कोलकाता फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया है। पूर्व में जारी शेड्यूल के अनुसार गुरूवार को कोलकाता की फ्लाइट पहले अम्बिकापुर पहुंचती थी फिर बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए रवाना होती थी वहीं शनिवार को फ्लाइट अम्बिकापुर से बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए उड़ान भरती थी। हाल में जारी शेड्यूल के अनुसार गुरूवार को फ्लाइट बिलासपुर होते हुए अम्बिकापुर से जबकि शनिवार को अम्बिकापुर से बिलासपुर होते हुए कोलकाता के लिए रवाना होगी। सोमवार को परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण अम्बिकापुर-दिल्ली की फ्लाइट निरस्त रही। इस दौरान 35 यात्री फ्लाइट पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। फ्लाइट निरस्त होने की सूचना पर यात्रियों को वापस घर लौटना पड़ा। मां महामाया एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि एलाइंस एयर ने चालू सप्ताह के लिए कोलकाता फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया है।

## कालाबाजारी रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, कीटनाशी अधिनियम 1968, नियम 1971, बीज नियंत्रण आदेश 1983, संशोधन आदेश 2014 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कृषि गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री रासायनिक उर्वरक, जैव उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज आदि समय पर उपलब्ध हो सके तथा समय-समय में आदान सामग्रियों की कालाबाजारी रोकने एवं विक्रय स्थलों (सहकारी/निजी) का निरीक्षण करने हेतु जिला स्तर पर निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

उपसंचालक कृषि द्वारा जारी आदेशानुसार सहायक संचालक कृषि कुंवर साय पैकरा नोडल अधिकारी होंगे। वहीं अनविभागीय कृषि अधिकारी अम्बिकापुर अम्ब्रोस टोप्पो, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीतापुर श्रीमती अनिता एक्का सहायक नोडल अधिकारी होंगी। इसी प्रकार कार्यालय उप संचालक कृषि अम्बिकापुर के कृषि विकास अधिकारी कृपा शंकर यादव एवं अजय बड़ा बीज, उर्वरक, एवं कीटनाशक निरीक्षक होंगे। कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अम्बिकापुर के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हिमांशु गुप्ता एवं एटीएम विनोद पैकरा सदस्य होंगे। साथ ही निरीक्षण दल में कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी अम्बिकापुर के वाहन चालक धनबोध कुजुर एवं भृत्य जीवन चन्द्र बड़ा की ड्यूटी लगाई गई।

### एनएच 343 की बदहाल हालत को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**झींगो।** एनएच 343के निर्माण के कारण उड़ रहे धूल से लोगों को मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जफर खान ने कलेक्टर के नाम एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जफर खान ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि एनएच 343 में उड़ रहे धूल की समस्या काफी बढ़ गई है। राजपुर से झींगों मार्ग में धूल के गुबार उड़ने से राहगीर परेशान है। बावजूद इसके मार्ग में पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से बच्चे और वृद्ध बीमार पड़ रहे है। इस रास्ते कई आबादी वाले क्षेत्र है जो रोज मर्रा के कार्य के लिए आवागमन करते है। धूल के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष खान जल्द ही इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान नूर हसन अली,शंकर राम भगत, आदि द्विवेदी, आकिब अलम, सलमान, बछराज, गोलू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मचारी, पैथोलॉजी टीम और अन्य सहयोगी शामिल रहे

# कोरोना से मुकाबला : मात्र उपचार नहीं, एक शोध पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कोरोना महामारी के दौरान चिकित्सा सेवा, समर्पण और शोध आधारित उपचार पर आधारित पुस्तक कोरोना से मुकाबलाः मात्र उपचार नहीं, एक शोध का विमोचन किया गया। यह पुस्तक जीवन ज्योति हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह द्वारा लिखी गई है, जिसमें कोरोना काल के संघर्ष, अनुभव और चिकित्सा प्रयासों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि यह पुस्तक कोई सामान्य कथा नहीं, बल्कि एक चिकित्सक के मानवीय संवेदनाओं, अथक परिश्रम और जीवन रक्षा के दृढ़ संकल्प की सच्ची गाथा है। कोरोना काल में जब पूरी दुनिया इस महामारी के सामने असहाय नजर आ रही थी, तब सरगुजा क्षेत्र में भी भय का माहौल था। ऐसे कठिन समय में जीवन ज्योति हॉस्पिटल ने अग्रिम तैयारी और दृढ़ नेतृत्व के साथ मरीजों की सेवा का जिम्मा उठाया। पुस्तक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेके सिंह के कार्यों, उनके शोधपरक दृष्टिकोण और मरीजों के प्रति समर्पण को प्रमुखता से दर्शाया गया है। कोरोना काल में उनकी प्रतिबद्धता और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता ने लोगों का विश्वास और भी मजबूत किया। इस दौरान उनके पुत्र डॉ. आकाश सिंह ने पैथोलॉजी सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं पुत्रवधू डॉ. स्नेहा सिंह ने भी चिकित्सा कार्यों में सक्रिय सहयोग दिया। संपूर्ण हॉस्पिटल स्टाफ, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मचारी, पैथोलॉजी टीम और अन्य सहयोगी शामिल रहे, ने टीमवर्क के साथ इस चुनौती का सामना किया। पुस्तक में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंहदेव, रामविचार नेताम सहित कई जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के संदेश भी शामिल हैं। श्रीमती संध्या सिंह ने यह पुस्तक डॉ. जेके सिंह को उनके 69 वें जन्मदिवस के अवसर पर समर्पित करते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की है। जीवन ज्योति अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. जेके सिंह ने कोरोना के समय अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. विजय पंजवानी, नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, बबन पांडे सहित अन्य मौजूद थे।



## गर्दनपाट धाम और लुचकी घाट काली मंदिर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा स्वीकृत गर्दनपाट स्थित देव धाम के जीर्णोद्धार एवं लुचकी घाट स्थित काली मंदिर परिसर में मंत्री राजेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया तथा जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मैंने चुनाव प्रचार की शुरुआत गर्दनपाट देव के दर्शन कर की थी।

अब जीर्णोद्धार के साथ भविष्य में अनेक निर्माण कार्य किए जाएंगे। यह विकास पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उपेक्षा की। भाजपा की विष्णुदेव सरकार वादा निभाती है तथा जो घोषणा नहीं की वह भी पूरा करती है। लुचकी घाट काली मंदिर क्षेत्र में कई मंदिरों का जीर्णोद्धार होगा, जो हम सबके लिए गौरव की बात है। इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने 0.676 हेक्टेयर भूमि का वन अधिकार पट्टा का दस्तावेज काली मंदिर समिति को सौंपा। जिला अध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कविता पाठ किया तथा कहा कि गर्दनपाट देव के आशीर्वाद से यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। कांग्रेस नेताओं के विरोधी इच्छाशक्ति ने विकास को लंबे समय तक ठप रखा था। पूर्व विधायकों व मंत्रियों की धार्मिक एवं सामाजिक विकास में उदासीनता के कारण प्रगति अवरूद्ध रही। लुचकी घाट पहले खतरनाक था, अब यहां निरंतर विकास हो रहा है। काली मंदिर परिसर में भव्य निर्माण होंगे। जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्थान का प्रतीक है। इन प्रयासों से न केवल आस्था मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान रूपेश दुबे, अविनाश मंडल, रामकेश्वर राजवाड़े, जगन्नाथ राजवाड़े, कृष्णा कोरवा, संदीप यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



## चैत्र नवरात्रि में व्यवसायी कर रहे श्रद्धालुओं की 16 वर्षों से सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

धार्मिक आस्था और मानव सेवा का अद्भुत संगम कुदरगढ़ धाम में देखने को मिला जहां एक व्यवसायी वर्षों से निरंतर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं।

कपड़ा व्यवसायी विनोद कुमार गुप्ता ने देवी की प्रेरणा से चैत्र नवरात्रि में धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पिछले 16 वर्षों से अनवरत शीतल जल एवं गुड़ उपलब्ध करा रहे है। अपने आध्यात्मिक अनुभव के बाद उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है। चैत्र नवरात्रि पर उन्होंने कुदरगढ़ धाम में 15 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया तथा छत्तीसगढ़ कलवार जायसवाल समाज सेवा समिति के बैनर तले श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम के लिए धर्मशाला एवं दोनों समय निःशुल्क भोजन की व्यवस्था संचालित की। समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है। श्री गुप्ता द्वारा न केवल धर्मशाला की स्थापना की गई, बल्कि व्यवस्थाओं को भी स्वयं के देखरेख में संचालित किया जा रहा है। शिविर में सुबह चाय, निःशुल्क दवाएं, मरहम-पट्टी, थके यात्रियों के लिए मालिश की निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है।





## सीएचसी बिश्रामपुर का राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचसी बिश्रामपुर ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है,इस उपलब्धि से स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है,इसके साथ ही पीएचसी करंजी और 12 उप स्वास्थ्य केंद्रों, एसएचसी ने भी गुणवत्ता मूल्यांकन में सफलता अर्जित की है।

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन के निर्देश,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन,जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव एवं जिला नोडल (एनक्वास) शुभम श्रीवास्तव के सहयोग तथा बीएमओ डॉ अमित भगत के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने लगातार प्रयास किए। 23 से 24 फरवरी तक राष्ट्रीय टीम के डॉ सुधीर डहरिया एवं डॉ सुनीत श्रीवास्तव द्वारा दो दिवसीय मूल्यांकन किया गया,इस दौरान एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी सेवाएं, ओपीडी, आईपीडी, लैब जांच, संस्थागत प्रसव कक्ष, एनबीएसयू, फार्मेसी, ऑक्सीलरी सर्विस एवं सामान्य प्रशासन सहित विभिन्न मानकों पर जांच की गई। साफ-सफाई, प्रोटोकॉल पालन, रिकॉर्ड संधारण, रिपोर्टिंग तथा स्टाफ एवं मरीजों के इंटरव्यू के आधार पर मूल्यांकन किया गया,घोषित परिणाम में सीएचसी बिश्रामपुर ने 84 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

बीएमओ डॉ अमित भगत ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला स्तरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सभी स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पित प्रयासों को देते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि में डीपीएम संदीप नामदेव, जिला नोडल शुभम श्रीवास्तव, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ सुषमा सिंह, डॉ निहाल सिंह, डॉ रेखा केशरवानी, डॉ आकृति दुबे, डीआर पैकरा, मीना सोनी, बेंजिमिन तिर्की, मीनू राय,संतु कर,अमरेश पैकरा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।



# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

## लाइफ Style

# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'



**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी'के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।

# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।



## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही :** इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

## खबर संक्षेप

### उदय बनें विधायक प्रतिनिधि




**बिजुरी।** नगर पालिका परिषद पसान के लिए अनूपपुर विधायक ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक बिसालूलाल सिंह ने नपा पसान में सामाजिक कार्यकर्ता उदय प्रताप सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। विधायक प्रतिनिधि के रूप में श्री सिंह नपा की विभिन्न बैठकों में भाग ले सकेंगे, इससे नपा क्षेत्र में विकास कार्यो को भी गति मिल सकेगी। उदय प्रताप सिंह को नपा पसान का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने से उनके शुभ चिंतकों में खुशी व्याप्त है साथ ही उन्हें शुभकामनाएं समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने देते हुए उम्मीद की है कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए नपा पसान के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### जनदर्शन में 29 आवेदनों की हुई सुनवाई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल सिदार ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए।

### कोरिया में धूमधाम से मना चावल उत्सव



**बैकुण्ठपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में माह की 7 तारीख को चावल उत्सव का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा समय-सीमा की बैठक में खाद्य अधिकारी एवं जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम को समय पर खाद्यान्न भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के पालन में जिले की सभी 172 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अप्रैल माह का चावल समय पर भंडारित किया गया। इसके बाद 7 अप्रैल को जिले में 664 राशन कार्डधारियों को चावल का वितरण कर उत्सव मनाया गया। प्रशासन की समयबद्ध व्यवस्था के कारण हितग्राहियों को बिना किसी परेशानी के खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से आम नागरिकों तक पहुंचा है।

## निधन

### कौशल्या देवी नामदेव



बैकुण्ठपुर। शहर के बाजारपारा निवासी श्रीमती कौशल्या देवी नामदेव का आकस्मिक निधन हो गया, वे करीब 85 वर्ष की थीं। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को स्थानीय गेज नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान काफी संख्या में परिजन व शहर के लोग शामिल हुए। वे शिक्षक पंचम नामदेव की माता थीं।

### एसएन दास (कानू बाबू)



मनेन्द्रगढ़। ग्राम पंचायत खोंगापानी के पूर्व सरपंच एसएस दास का बुधवार को दोपहर लगभग 2 बजे निधन हो गया। स्व. दास के निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। स्वर्गीय दास अपने सहज स्वभाव, सामाजिक सरोकारों और जनसेवा के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। सरपंच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पंचायत क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े कई कार्यों को प्राथमिकता दी। इनके निधन से खोंगापानी ने एक अनुभवी जनप्रतिनिधि को खो दिया। स्व.दास का अंतिम संस्कार गुरूवार को सुबह 11 बजे बी.सीम मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### ग्रामीणों को बांटी नि:शुल्क सामग्री

# स्थापना दिवस पर झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा ग्राम दूधनिया चेरवापारा में एक भव्य एवं प्रभावी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर के निर्देश पर हुआ, जिसका नेतृत्व जिला संयोजक रोशन राजवाड़े ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गोकरण शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व, सामाजिक जागरूकता और भाजपा द्वारा विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी अभिषेक राय, जिला सह संयोजक संतोष यादव एवं अभिजीत दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने भाजपा के संगठन विस्तार, सेवा कार्यों और राष्ट निर्माण में जनभागीदारी की भूमिका पर अपने विचार रखे। बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के पार्षद अभिनेन्द्र सिंह चंदेल ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर संगठन की जमीनी मजबूती और ग्रामीण क्षेत्रों तक जनसेवा अभियान पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के तहत झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही भाजपा के इतिहास, विचारधारा और विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

जिला संयोजक रोशन राजवाड़े ने कहा कि प्रकोष्ठ लगातार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

### शिवपुर चरचा में मना स्थापना दिवस



बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी शिवपुर चरचा मंडल द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ नपा शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरुण जायसवाल व अन्य पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर भाजपा शिवपुर चरचा मंडल के बूथ क्रमांक 26 एवं 22 वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को गमछा, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मिष्ठान खिलाकर पार्टी स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देशानुसार गांव चलो, बस्ती चलो, घर घर चलो अभियान के तहत डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई और लोगों से जन संपर्क के दौरान उनकी समस्याओं को भी सुना गया। इस अवसर पर नपा शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरूण जायसवाल सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं का सम्मान



सोनहत। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोनहत क्षेत्र में गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम घूघरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के निर्देशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। साथ ही महतारी वंदन योजना की लाभार्थी मातृशक्ति एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, मंडल मंत्री एवं जनपद सदस्य अलेश्वरी गौतम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक रमेश राजवाड़े सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप सरपंच एवं किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राम भजन राजवाड़े, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री अरविंद राजवाड़े, संजय मानिकपुरी, भरत राजवाड़े, अनिल गौतम, उदेश्वर राजवाड़े, रामधारी गरूण, देवनारायण सारथी, गोविंद सोनपाकर, रज्जन राम, दीपेन्द्र, कंजूलाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़





शहर में सामाजिक सेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन संपन्न हो गया। एक मंच, एक लक्ष्य सशक्त युवा, सशक्त राष्ट की भावना के साथ आयोजित इस प्रक्रिया में नई ऊर्जा, उत्साह और सेवा भाव से ओतप्रोत पदाधिकारियों का चयन किया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्रीमती अनीता फरमानिया को सौंपी गई है, जबकि सचिव के रूप में श्रीमती तोषी अग्रवाल का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्रीमती संगीता अग्रवाल को दी गई है। सभी पदाधिकारियों के चयन के बाद संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम के दौरान मंच के सदस्यों ने एक स्वर में नव-निर्वाचित टीम को बधाई दी और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि तेजस्विनी शाखा हमेशा से समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रही है और नई टीम के नेतृत्व में यह कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेंगे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया ने कहा कि वे संगठन के सभी सदस्यों को साथ लेकर सेवा कार्यों को नई दिशा देने का प्रयास करेंगी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता को प्राथमिकता देने की बात कही। वहीं सचिव और कोषाध्यक्ष ने भी पारदर्शिता और टीमवर्क के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना ही मंच का उद्देश्य है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

बिश्रामपुर। नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में 7 अप्रैल मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों, अस्पताल स्टॉफ, मरीजों समेत परिजनों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीता लाल ने स्वास्थ्य के महत्व,स्वच्छता,संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं पोषण पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवन-सुखी जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा,अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। आयोजन में एएमओ डॉक्टर यूएस बैठा, डॉक्टर श्रीता लाल, डॉ वीर भरत सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सक स्टॉफ उपस्थित रहे।

## छग टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में लिए गए अहम निर्णय



**अंबिकापुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन की जिलास्तरीय बैठक 7 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर बतौली में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विकासखंडों में संगठन की सक्रियता की समीक्षा करने के साथ ही जारी वरिष्ठता सूची में विद्यमान विसंगतियों, दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा, विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही 12 अप्रैल को दुर्ग में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की आमसभा में सहभागिता पर चर्चा की गई। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना को आधार मानते हुए पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से सीजीपीएफ पासबुक के नियमित संधारण हेतु आवश्यक प्रयास करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से सुशील मिश्रा, रामबिहारी गुप्ता, राजेश गुप्ता, लव गुप्ता, काजेश घोष, बलराम भगत, नंदकेश्वर प्रधान, दीपलेश्वर पैंकरा सहित अनेक साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सीतापुर निवासी शिक्षक डिलेश्वर पैंकरा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिन्होंने दुर्ग आमसभा में सहभागिता के लिए साथियों के आवागमन हेतु अपनी ओर से 50-सीटर बस उपलब्ध कराने की घोषणा की।

## लाखों की लागत से निर्मित नाली को पाटकर बना दी सीसी सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

ग्राम पंचायत सेदम में ठेकेदार की मनमानी से न सिर्फ ग्रामीण परेशान है बल्कि पूर्व में सड़क किनारे किए गए नाली निर्माण का पाट सीसी सड़क बनाने से काफी आक्रोशित है। ग्राम पंचायत में प्रधान मंत्री ग्राम गौरव पथ के तहत सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है लेकिन सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण नहीं किए जाने से ग्रामीण चिंतित है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी सड़क के साथ नाली निर्माण नहीं किया जा रहा है और जो नाली पूर्व में बनाए गए थे उसे भी पाट दिया जा रहा है। ऐसे में पानी निकासी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है।

ग्राम पंचायत सेदम में प्रधानमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत 20 लाख की लागत से 200 मीटर सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जब से सीसी सड़क का निर्माण शुरू हुआ है तब से अब तक घटिया निर्माण सहित नाली निर्माण नहीं करने मनमानी का आरोप ग्रामीण लगा रहे है। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से साइड शोल्डर को मजबूत करने मटेरियल घटिया मटेरियल डाला जा रहा है जहां ग्राम पंचायत सेदम द्वारा 3 लाख 75 हजार की लागत से पूर्व में बनाए गए नाली को ही पाट दिया है। कुछ दिनों पूर्व ग्रामीणों ने गुणवत्तापुर्ण निर्माण को लेकर नाराजगी जताई तो ठेकेदार ने निर्माण कार्य बंद कर दिया था लेकिन अब फिर से निर्माण शुरू हो गया है और गुणवत्ता में किसी प्रकार की सुधार नहीं आया जिसे देख ग्रामीणों ने विरोध जता निर्माण को बंद करा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव के लोगों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

#### की जाएगी कार्रवाई

सड़क किनारे पानी निकासी के लिए बनाए गए नाली को पाटना गलत है। नाली को छोड़ कर सड़क निर्माण करना था। इस संबंध में जांच कराई जाएगी और आगे की कार्रवाई होगी।

-लक्ष्मी नारायण सिदार
सीईओ बतौली

#### कराई जाएगी जांच

सीसी सड़क निर्माण के दौरान नाली को पाट कर सड़क निर्माण कर रहे है तो जांच कराएंगे। संबिधित विभाग को जांच के लिए निर्देशित किया जाएगा।

-राम सिंह ठाकुर
एसडीएम सीतापुर

## महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों को कराया गया बाल संप्रेक्षण गृह व वृद्धाश्रम का भ्रमण



**अम्बिकापुर।** मदनपुर सिलफिली स्थिति पार्वती इस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय के बीएड चतुर्थ समेस्टर के प्रशिक्षार्थियों को बाल संप्रेक्षण गृह व वृद्धाश्रम का भ्रमण कराया गया। प्रशिक्षार्थियों द्वारा मनोविज्ञानी अंतर्गत व्यक्ति अध्ययन किया गया।

प्रशिक्षार्थियों ने अपराध के पीछे छिपे कारणों को जानने तथा उसके समाधान हेतु एक रिपोर्ट तैयार किया साथ ही प्रशिक्षार्थियों ने वृद्धजनों से मिलकर बातचीत किया और नृत्य, संगीत प्रस्तुत कर उनका मनोरंजन किया तथा उन्हें अपनेपन का एहसास दिलाया। कार्यक्रम में संस्था के सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती जयमाला सिंह, अरूण दुबे, श्रीमती सुनीता राज सहित बड़ी संख्या में परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



शासकीय कालिदास महाविद्यालय में व्याप्त जर्जर भवन, टूटी बाउंड्रीवाल, खराब शौचालय एवं पेयजल की समस्या को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बताया कि विकासखंड प्रतापपुर का एकमात्र शासकीय कालिदास महाविद्यालय लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रहा है। महाविद्यालय भवन जर्जर हो चुका है और कई जगह भवन क्षतिग्रस्त है। ऐसे में छात्रों को पढ़ाई के दौरान असुविधा होती है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। महाविद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल भी कई जगहों से टूटी हुई है, जिसके कारण असामाजिक तत्वों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। इससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा महाविद्यालय स्थित शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। जहां नियमित साफ-सफाई नहीं होने से छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम को देखते हुए एनएसयूआई ने पेयजल की समुचित व्यवस्था की मांग भी उठाई है। छात्रों का कहना है कि महाविद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें बाहर से पानी लाना पड़ता है, जो गर्मी में बड़ी समस्या बन जाती है। एनएसयूआई ने महाविद्यालय की समस्याओं को दूर करने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार चौधरी, जिला महासचिव तनवीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान, अंजली आयम, राजा हसन, कमलेश रवि, नीता बघेल, दीपक, गोलू राजवाड़े, राहुल सिंह, बिट्टू कुमार, रितेश लकड़ा, राजन काशी, अभय सिंह, प्रकाश पैकरा, आयान,अमानत अंसारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अटल सेवा सदन में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

भैयाथान। अटल सेवा सदन में भारतीय जनता पार्टी मंडल भैयाथान द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन बन चुकी है, जिसका श्रेय समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत को जाता है। जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने पार्टी की रीति-नीति, अनुशासन और संगठनात्मक ढांचे की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने और जनहित के कार्यों में आगे रहने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया तथा कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई वितरित कर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान भाजपा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
EX-हरिद्वार
09 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त